जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ/अकादमी/पी-एच.डी./2015/3945 दिनांक : 23-9-15

// आंशिक संशोधन सहित सूचना //

विश्वविद्यालय की सूचना कमांक जी.वि.वि./2015/3912 दिनांक 17.08.2015 के अनुसार कोर्सवर्क में उत्तीर्ण घोषित हुए समस्त शोधार्थी दिनांक 10.09.2015 तक अपनी रूपरेखा (सिनोप्सिस) 6 प्रतियों में जमा करें, के स्थान पर कोर्सवर्क परीक्षा 2015 में उत्तीर्ण शोधार्थी रूपरेखा (सिनोप्सिस) की छः (Six) प्रतियाँ पी.एच डी से सम्बंधित समस्त शुल्क की रसीद, काउन्सलिंग लिस्ट , कोर्सवर्क परीक्षा परिणाम की प्रति सहित दिनांक 30.09.2015 तक प्रस्तुत करें ।

विश्वविद्यालय की अधिसूचना कमांक एफ/अकादमी/पीएच.डी./2015/3633 दिनांक 01.04.2015 के अनुसार सत्र 2014 में आयोजित प्रवेश परीक्षा/काउन्सिलिंग में सफल शोधार्थियों के लिए शोध उपाधि पंजीयन हेतु मूल आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 जून 2015 के स्थान पर 30 सितम्बर 2015 अंतिम तिथि के रूप में घोषित की जाती है।

सत्र 2014 में आयोजित पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा/काउन्सिलिंग/कोर्सवर्क परीक्षा में सफल शोधार्थियों को सूचित किया जाता है। कि वे विश्वविद्यालय में नामांकन करवाकर अनिवार्य रूप से नामांकन कमांक शोध शाखा में प्रस्तुत करें। जो शोधार्थी पूर्व में नामांकन कमांक प्रस्तुत कर चुके है, उन्हें पुनः नामांकन कमांक जमा (प्रस्तुत) करने की आवश्यकता नहीं है। नामांकन कमांक एवं रूपरेखा प्रस्तुत नहीं करने वाले शोधार्थियों को आगामी माह में आयोजित होने वाली शोध उपाधि समिति में आमंत्रित नहीं किया जावेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शोधार्थी की होगी।

कुलसचिव

प्रतिलिपि-

1. समस्त संबधित शोधार्थियों एवं मार्गदर्शकों की ओर सूचनार्थ।
2. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. श्री संजय बरथरिया की ओर इस आशय के साथ प्रेषित है। कि वे उक्त अधिसूचना को आज ही विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।

उप-कुलसचिव (अकादमी)